



# खिलौनेवाला

वह देखो माँ आज
खिलौनेवाला फिर से आया है ।
कई तरह के सुंदर-सुंदर
नए खिलौने लाया है ।
हरा-हरा तोता पिंजड़े में
गेंद एक पैसे वाली
छोटी-सी मोटर गाड़ी है
सर-सर-सर चलने वाली ।
सीटी भी है कई तरह की
कई तरह के सुंदर खेल
चाभी भर देने से भक-भक
करती चलने वाली रेल ।
गुड़िया भी है बहुत भली-सी
पहिने कानों में बाली
छोटा-सा 'टी सेट' है
छोटे-छोटे हैं लोटा-थाली ।
छोटे-छोटे धनुष-बाण है
हैं छोटी-छोटी तलवार









नए खिलौने ले लो भैया
ज़ोर ज़ोर वह रहा पुकार ।
मुन्नू ने गुड़िया ले ली है
मोहन ने मोटर गाड़ी
मचल-मचल सरला कहती है
माँ से लेने को साड़ी ।
कभी खिलौनेवाला भी माँ
क्या साड़ी ले आता है ।
साड़ी तो वह कपड़े वाला
कभी-कभी दे जाता है ।
अम्मा तुमने तो लाकर के
मुझे दे दिए पैसे चार
कौन खिलौना लेता हूँ मैं
तुम भी मन में करो विचार ।
तुम सोचोगी मैं ले लूँगा ।
तोता, बिल्ली, मोटर, रेल
पर माँ, यह मैं कभी न लूँगा
ये तो हैं बच्चों के खेल ।
मैं तलवार खरीदूँगा माँ
या मैं लूँगा तीर-कमान
जंगल में जा, किसी ताड़का
को मारूँगा राम समान ।
तपसी यज्ञ करेंगे, असुरों-
को मैं मार भगाऊँगा







यों ही कुछ दिन करते-करते
रामचंद्र बन जाऊँगा ।
यहीं रहूँगा कौशल्या मैं
तुमको यहीं बनाऊँगा ।
तुम कह दोगी वन जाने को
हँसते-हँसते जाऊँगा ।
पर माँ, बिना तुम्हारे वन में
मैं कैसे रह पाऊँगा ।
दिन भर घूमूँगा जंगल में
लौट कहाँ पर आऊँगा ।
किससे लूँगा पैसे, रूठूँगा
तो कौन मना लेगा
कौन प्यार से बिठा गोद में
मनचाही चीज़ें देगा ।

सुभद्रा कुमारी चौहान



## इन शब्दों के अर्थ जानो-

पुकार - आवाज देना

तीर - कमान - तीर और धनुष

तपसी - तपस्या करने वाले

ताड़का - एक राक्षसी

## १. पढ़ो और सोचकर लिखो-

क) खिलौनेवाला कौन कौन से खिलौने लेकर बेचने आया है ?

ख) वह कैसी गाड़ी लाया है ?

ग) खिलौनेवाले की रेल कैसे चलती है ?



घ) गुड़िया कैसे सजी है ?

ङ) मुन्नू और मोहन ने क्या क्या खरीदा ?

च) सरला माँ से क्या खरीदने को कहती है ?

छ) बेटा तलवार क्यों खरीदना चाहता है ?

ज) माँ के बिना उसका बेटा वन में क्यों नहीं रह पाएगा ?

## २. अर्थ बताओ-

तपसी यज्ञ करेंगे, असुरों-
को मैं मार भगाऊँगा
यों हीं कुछ दिन करते-करते
रामचंद्र बन जाऊँगा ।





३. चूँ चूँ, कल कल, सर सर, झर झर, फट फट- ऐसे शब्दों को आवृत्ति मूलक पद कहते हैं । इस कविता से ऐसे शब्दों को छाँटकर लिखो ।

४. जो बीत गया उसे भूतकाल कहते हैं । जो चल रहा है उसे वर्त्तमान काल और जो होने को है उसे भविष्यत् काल कहते हैं ।

जैसे- राम गया । (भूतकाल)

राम जा रहा है । (वर्त्तमानकाल)

राम जाएगा । (भविष्यत् काल)

इसी तरह निम्न वाक्यों को बदलकर लिखो ।

क) खिलौनेवाला आया ।(वर्त्तमान काल/ भविष्यत् काल)

ख) मैं असुरों को मार भगाऊँगा । (वर्त्तमान/ भूतकाल)

ग) मैं कैसे रहा । (वर्त्तमान/ भविष्यत् काल)

५. **कविता से आगे-**

तुम बड़े होकर अपना आदर्श किसे बनाओगे और क्यों ? उनके बारेमें दस वाक्य लिखो।